जांच शिविर में 1500 व्यक्तियों के स्वास्थ्य की जांच

सोनीपत, 9 जनवरी (निस)। चौपाल कम्युनिटी हैल्थ सेंटर बैंयापुर के तत्वावधान में गोपालपुर गांव स्थित राजकीय उच्च विद्यालय में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। जिसमें 1500 व्यक्तियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर में चश्में, कानों की मशीन व पीठ आदि के दर्द के लिए बैल्ट आदि नि:शुल्क दी गई। शिविर के दौरान अल्ट्रासाउंड, ईसीजी, खून टेस्ट आदि की जांच नि:शुल्क की गई।

डा. मोनिका ने बताया कि चौपाल संस्था द्वारा अभी तक सौ से अधिक शिविर लगाए जा चुके हैं। जिनसे करीब तीन लाख ग्रामीण क्षेत्र के लोंगों को लाभ पहुंचा है। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा सभी प्रकार के चैकअप व दवाइयां फ्री दी जाती हैं। शिविर में संस्था के चेयरमैन एवं प्रख्यात फिजिशियन डा. राजेन्द्र सिंह टोंक के नेतृत्व में जिन चिकित्सकों ने ग्रामीणों व स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की उनमें नाक, कान,गले के सांस, हृदय, पेट, हड्डी रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ,चमड़ी रोग विशेषज्ञ, महिला रोग विशेषज्ञ, दंत रोग विशेषज्ञों ने ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की। सुभाष ठेकेदार ने गांव में पहुंचे एशियाड खेलों में पदक विजेता अमित दहिया का जोरदार स्वागत किया। विनय दहिया, पूर्व सरपंच सुभाष, सरपंच आनंद, भाने, प्राचार्य भगवान देव, दिनश ठेकेदार, सरपंच संजय,लक्ष्मी नारायण, सुबे सिंह, बबलू प्रधान, मुख्यआध्यापिका उर्मिला सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित थे।

साक्षात्कार जिला स्तर पर करवाने की मांग

नारनौल, 9जनवरी(निस)। मौलिक शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा गत दिवस पंचकूला में बेरोजगारों को एसएसए में साक्षात्कार के लिए बुलाकर उन्हें निराश लौटाने पर बेरोजगारों में भारी रोष व्याप्त है। उन्होंने विभाग से मांग की है कि अब उनका साक्षात्कार जिला स्तर पर ही करवाया जाएं ताकि ठंड व कोहरे में होने वाली परेशानी तथा आर्थिक नुकसान से बचा जा सके।

साक्षात्कार के लिए गए युवाओं संदीप सिंह, रूपचन्द, हंसराज, सुरेश सैनी ने बताया कि विभाग की लापरवाही के कारण युवाओं को पंचकूला जाने के लिए ठंड व कोहरे के कारण भारी परेशानी उठानी पड़ी। साथ ही उन्हें आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ा।